# पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब हिंदी टीम
## पाठ्यक्रम 2021-22

प्रथम चरण मई 2021

कक्षा - बारहवीं – निबंध एवं एकांकी

## 'सच्ची वीरता'

प्रश्न1. सच्चे वीर पुरुष का स्वभाव कैसा होता है? 'सच्ची वीरता' निबंध के आधार पर बतायें।
**उत्तरः** सच्चे वीर पुरुष का स्वभाव धीर, गम्भीर और आज़ाद होता है।
प्रश्न 2. 'सच्ची वीरता' निबंध के आधार पर बताएँ कि रामायण किसकी रचना है?
**उत्तरः** रामायण वाल्मीकि की रचना है।
प्रश्न 3. 'सच्ची वीरता' निबंध के लेखक कौन हैं?
**उत्तरः** अध्यापक पूर्ण सिंह
प्रश्न 4. 'सच्ची वीरता' निबंध के आधर पर बताएँ कि मस्त हाथी और शेर ने किसके चरणों की धूल अपने मस्तक पर लगाई?
**उत्तरः** मस्त हाथी और शेर ने मीराबाई के चरणों की धूल अपने मस्तक पर लगाई।

## (एकाँकी भाग)

## 'वापसी'

प्रश्न 1. 'वापसी' एकाँकी में राय साहब का पूरा नाम क्या है?
**उत्तरः** राय साहब का पूरा नाम राय साहब राम प्रसन्न है।
प्रश्न 2 'वापसी' एकाँकी में सिद्धेश्वर कौन है?
**उत्तरः** 'वापसी' एकांकी में सिद्धेश्वर अम्बिका का पड़ोसी है।
प्रश्न 3. राय साहब ने बर्मा में कितने वर्ष नौकरी की? 'वापसी' एकाँकी के आधर पर बताएँ।
**उत्तरः** राय साहब ने बर्मा में 35 वर्ष वर्ष नौकरी की।
प्रश्न 4. 'वापसी' एकाँकी के एकाँकीकार कौन हैं?
**उत्तरः** 'वापसी' एकांकी के एकांकीकार उदयशंकर भट्ट हैं।
प्रश्न 5. किसके चरित्र से 'वापसी' एकाँकी में मानवीय मूल्यों की स्थापना की गई है?
**उत्तरः** सिद्धेश्वर के चरित्र से 'वापसी' एकांकी में मानवीय मूल्यों की स्थापना की गई है।
प्रश्न 6. 'वापसी' एकाँकी में कैश बॉक्स किसका है?
**उत्तरः** कैश बॉक्स राय साहब का है।
प्रश्न 7. 'वापसी' एकाँकी का मुख्य पात्र कौन है?
**उत्तरः** 'वापसी' एकांकी का मुख्य पात्र राय साहब है ।
प्रश्न 8. "मैं अभी मरा नहीं हूँ" 'वापसी' एकाँकी में यह वाक्य किसने कहा?
**उत्तरः** राय साहब ने कहा।
प्रश्न 9. मरणासन्न राय साहब के लिए शान्ति पाठ कौन कर रहा था? 'वापसी' एकाँकी के आधर पर बताएँ।
**उत्तरः** राय साहब के लिए शान्ति पाठ सिद्धेश्वर कर रहा था।
प्रश्न 10. 'वापसी' एकाँकी में पात्र दीनानाथ कौन है?
**उत्तरः** 'वापसी' एकांकी में पात्र दीनानाथ रायसाहब का भाई है ।
प्रश्न 11. 'वापसी' एकाँकी में कौन हैडक्लर्क के पद से रिटायर हुए हैं?
**उत्तरः** रायसाहब हैडक्लर्क के पद से रिटायर हुए हैं।
प्रश्न 12. राय साहब की दौलत कौन हथियाना चाहता है? 'वापसी' एकाँकी के आधर पर बताएँ?

**उत्तरः** राय साहब की दौलत सरोजिनी, अम्बिका, दीनानाथ हथियाना चाहते हैं ।

प्रश्न 13. 'वापसी' एकाँकी में राय साहब वापिस जाने का फैसला क्यों लेते हैं?

**उत्तरःल.** राय साहब वापिस जाने का फैसला संबंधों के खोखले के कारण लेते हैं।

तैयारकर्ता-
डॉ.हरिभजन प्रियदर्शी (प्रवक्ता- हिंदी)
राजकीय(कन्या) वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मलोट,
**श्री मुक्तसर साहिब**